कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलरामपुर।

पत्रांक बे0शि0/1572-80 /2026–27 दिनांक 27/06/2026

कार्यालय आदेश

जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में जनपद बलरामपुर के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को भीषण गर्मी एवं तापमान में वृद्वि होने के साथ–साथ लू–प्रकोप के दुष्प्रभाव से बचाने के दृष्टिगत समस्त परिषदीय/सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त/सी0बी0एस0ई0 बोर्ड/आई0सी0एस0ई0 बोर्ड/मदरसा एवं समस्त बोर्डों के कक्षा–01 से 08 तक के विद्यालयों का समय अग्रिम आदेश तक प्रातः 7:30 बजे अपरान्ह 12:30 बजे तक परिवर्तित किया जाता है।

अतः उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(विकास चन्द्र श्रीवास्तव)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बलरामपुर।

पृष्ठांकन व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी बलरामपुर।
3. मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर।
4. शिक्षा निदेशक(बेसिक) उ0प्र0 लखनऊ।
5. जिला विद्यालय निरीक्षक, बलरामपुर।
6. सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) देवीपाटन मण्डल गोण्डा।
7. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी बलरामपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करायें।
8. समस्त सम्मानित सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
9. समस्त प्र0अ0/इं0प्र0अ0/स0अ0/शि0मि0/अनुदेशक को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अपरान्ह 12:30 बजे से 1:30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहकर पोर्टल, यू–डायस तथा अन्य विभागीय कार्य सम्पादित करना सुनिश्चित करें।
10. कार्यालय प्रति।

27.6.2026

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बलरामपुर।